वीयू–पशु रोगों के उपचार मे प्रयोगशाला निदान का महत्व हेतु प्रशिक्षण का शुभारंभ

पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में पांच दिवसीय एसकाड (ASCAD) प्रशिक्षण का शुभारंभ नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता मे 05 मार्च को किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पशु शरीर क्रिया एवं जैव रसायन विभाग में "फंडामेंटल एंड रेसेंट एडवांस इन लेबोरेटरी डाइग्नोसिस ऑफ़ एनिमल डिसीसेस " के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 04 मार्च से 08 मार्च तक दिया जाना है। प्रशिक्षण के मार्गदर्शक एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर आर के शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा एसकाड (ASCAD) प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रायोजित इस प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल 17 जिलों से आए हुए 20 पशु चिकित्सक लाभान्वित होंगे। इस प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रायोगिक और सैधांतिक व्याख्यान दिए जाइएंगे जो की प्रतिभागियों द्वारा पशु रोगों की रोकथाम और प्रबंधन के क्षेत्र में प्रयोगशाला निदान मे महत्व पूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिससे समय पर और सही निदान से प्रभावी उपचार और रोग नियंत्रण की दिशा में बेहतर कदम उठाए जा सकेंगे।

इस कार्यक्रम में दिए जाने वाले व्याख्यानों की स्मारिका भी बनाई गई, जिसे मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि तथा कुलपति महोदय द्वारा इस अवसर विमोचित किया गया।

इस प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह में कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने पशुओं मे थनेला रोग एवं बकरियों मे पी.पी.आर. एवं अन्य बीमारियों से पशुधन की हानि होती हैं परंतु इन बीमारियों का निदान से इनका उपचार संभव है एवं पशुधन की हानि को रोका जा सकता है। मानवों मे रोग निदान अत्यधिक उन्नति पर है परंतु पशु चिकित्सा मे क्षेत्रीय स्तर पर संभव नही है साथ ही फोरेंसिक विज्ञान मे भी काफी काम करने की जरूरत है।

मुख्य अतिथि डॉ. जे.पी. शिव, सयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग जबलपुर ने कहा की पशुओ मे उत्पादन मे इस प्रशिक्षण के ज्ञान का उपयोग करेगें। विशेष अतिथि श्री संजय साहू, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त जबलपुर ने कहा की पशु चिकित्सा के क्षेत्र मे बहुत काम करने की जरूरत है एवं यह प्रशिक्षण पशु चिकित्सकों को पशु चिकित्सा का लाभ अंतिम पशु पालक तक पहुचाने मे मदद करेगा।

इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य मिश्रा का मुख्य सहयोग रहा। प्रशिक्षण के आयोजक डॉ. आनंद जैन डॉ. संजू मंडल, डॉ. अनिल गट्टानी डॉ. प्रगति पटेल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रगति पटेल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य मिश्रा ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर